# संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 में आवेदन करने के लिए आवश्यक जानकारी

**आवेदन करने से पहले की तैयारी**

आवेदन करने से पहले मीनू बार में दिये हुए "प्रतियोगिता नियम" मीनू बटन पर क्लिक कर ध्यानपूर्वक नियम अवश्य पढ़ लें। इसे स्क्रीन पर पढ़ा, डाउनलोड मीनू से डाउनलोड किया जा सकता है । **नियम की जानकारी नहीं होने पर आवेदक द्वारा आवेदन तथा प्रतियोगिता में काफी गलतियां होने की** संभावना रहती है। आवेदन के समय बैंक विवरण के लिए आवेदक स्वयं अथवा अपने माता या पिता का बैंक में नाम (अंग्रेजी में), खाता संख्या, बैंक का नाम और IFSC CODE संग्रहीत कर लें। आवेदक निम्नलिखित विवरण / प्रपत्र का फोटो (JPEG) अपने कम्प्यूटर/मोबाइल में सुरक्षित कर लें ।

1. आवेदक का आवक्ष फोटो (साइज 1MB) 2. आवेदक का हस्ताक्षर (साइज 1MB)
3. आधार नम्बर 4. एक अन्य मोबाइल नम्बर
5. आवेदक के शिक्षक/संस्कृत शिक्षक का फोन नंबर (ऐच्छिक) 6. आवेदक / आवेदक के माता या पिता का बैंक विवरण

संस्कृत गीत प्रतियोगिता (युवा वर्ग) में भाग लेने के इच्छुक आवेदक संस्कृत गीत का 5 MB size की आडियो File बनाकर मोबाइल / कम्प्यूटर में सुरक्षित कर लें। इसे अपलोड करना होगा। यही Audio गीत मंडल की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता परीक्षा का माध्यम होगा।

**ऑनलाइन आवेदन के कुल 2 चरण हैं।**

**1. पंजीकरण 2. आवेदन**

इसमें प्रथम चरण पंजीकरण के लिए तथा द्वितीय चरण आवेदन पत्र प्रपूरित करने के लिए है। फार्म भरने के बाद आवेदन का साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए PDF में प्रिंट ले सकते हैं।

**अब ऑनलाइन आवेदन करना आरंभ करें**

अब आप उत्तर प्रदेश संस्कृत प्रतिभा खोज की वेबपोर्टल http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जायें। वेबपोर्टल खुलते ही विंडो इस तरह दिखेगा।

कम्प्यूटर या लैपटॉप में इस तरह का दिखेगा-




मोबाइल में इस तरह का दिखेगा-




यहाँ पर आने के बाद आवेदन करने से पूर्व मीनू बार में दिये हुए "**प्रतियोगिता नियम**" मीनू बटन पर क्लिक कर एक बार ध्यानपूर्वक सभी नियम अवश्य पढ लें




प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए यहाँ सबसे पहले पंजीकरण करना है। आप ऊपर दिये गये चित्र में देख रहे होंगें कि फार्म के नीचे में तीन विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से **पहला आवेदन करने के लिए**, दूसरा **ऑनलाइन आवेदन कैसे करें**, तीसरा **आवेदन फार्म पुनः प्रिन्ट करने** के लिये है।

**सर्वप्रथम आप आवेदन करें वाले पहले विकल्प पर क्लिक करें। इसे क्लिक करने पर निम्नांकित रूप से फार्म खुलकर सामने आ जाएगा।**





**पुराना आवेदक (वर्ष 2023 की संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में आवेदन किए प्रतिभागी) के लिए**

रजिस्ट्रेशन टाईप में **'पुराना आवेदक'** विकल्प का चयन करने के बाद आपके सामने यह विंडो इस तरह दिखेगा-





मोबाइल में ऐसा दिखेगा




यहाँ पर आपको अपना पिछले वर्ष का आवेदन संख्या या आधार नम्बर तथा मोबाइल नम्बर भरना है। (मोबाइल नम्बर वही भरें जो आपके पास वर्तमान में उपलब्ध हो तथा चालू हो)। यह सारे विकल्प भरने के बाद **Login** पर क्लिक करें। **Login** पर क्लिक करने के बाद आपके मोबाइल नम्बर पर एक OTP जायेगा जो आपको ऑनलाइन भरना होगा। जैसा कि चित्र में प्रदर्शित है-



ओटीपी डालने के बाद आपका गत वर्ष (2023) का भरा हुआ फ़ॉर्म आपके सामने खुल जाएगा। विवरण इस प्रकार दिखाई देगा –



प्रतियोगिताओं का विवरण

प्रतिभागी की कक्षा * : कक्षा 6 स 12

बोर्ड * : यू०पी० बोर्ड

प्रतियोगिता का नाम * : --चयन करें--

व्यक्तिगत विवरण

आवेदक छात्र / छात्रा का नाम * : POONAM

आवेदक छात्र / छात्रा का नाम (हिंदी में) * :

लिंग * : Female

आधार नंबर * : 495510919593

मोबाइल नंबर *

अन्य मोबाइल नंबर *

जन्म तिथि (DD/MM/YYYY)*

ई-मेल : aadirastogi916@gmail.com

पिता का नाम * : BABLU RASTOGI

माता का नाम * : MEENA

अध्ययनरत कक्षा का नाम * : 12

विद्यालय / महावि. /वि. वि. का नाम * : KANYA INTER COLLEGE KHARI KUAN RAMPUR

विद्यालय / महावि. /वि. वि. का पता * : KHARI KUAN RAMPUR UP PIN 244901

विद्यालय के अध्यापक का मोबाईल नं०

विद्यालय के मंडल का नाम * : मुरादाबाद

विद्यालय के जनपद का नाम * : रामपुर

बैंक का विवरण

खाता धारक का नाम * (अंग्रेजी में लिखें)

बैंक का नाम * (अंग्रेजी में लिखें)

खाता संख्या * (अंग्रेजी में लिखें)

खाता संख्या की पुष्टि करें * (अंग्रेजी में लिखें)

आई. एफ. एस. सी. * (अंग्रेजी में लिखें)

फोटो एवं हस्ताक्षर

फोटो अपलोड करें * : Choose File No file chosen Photo Upload

Upload jpg,jpeg file only. Max Size : 1 MB

हस्ताक्षर अपलोड करें * : Choose File No file chosen Sign Upload

Upload jpg,jpeg file only. Max Size : 1 MB

घोषणा पत्र

☐ एतद् द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने संस्कृत छात्र प्रतियोगिता की नियमावली निर्देशिका को पढ़ लिया है। ये मुझे मान्य हैं। मेरे द्वारा पूरित उपर्युक्त विवरण सत्य है। यदि पूरित विवरण अथवा उसका कोई अंश असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय।

Submit Information





यहाँ यदि आपका नाम हिन्दी में दिख रहा हो और आवेदक के नाम से बैंक खाता हो तो ऐसा आवेदक नया आवेदक विकल्प का चयन कर पंजीकरण तथा आवेदन करें। बैंक विवरण में आवेदक, आवेदक के पिता तथा माता का अंग्रेजी में लिखे नाम से मिलान होने पर ही आवेदन सब्मिट हो सकेगा। जिस बैंक खाताधारक पुराने आवेदक का नाम अंग्रेजी में हो, कक्षा आदि विवरण में जो परिवर्तन हुआ हो, उसे संशोधित कर लें। प्रतियोगिता का चयन, मोबाइल नंबर आदि में यदि बदलाव करना हो कर लें। इसके साथ ही आप अपना बैंक विवरण जो कि आपका नाम पर अथवा आपके माता-पिता के नाम पर ही होना चाहिए विवरण को भरकर फ़ॉर्म सबमिट कर दें। याद रखें बैंक का खाता वही दें, जिससे आहरण और जमा हो रहा हो। आवेदक ऐसा मोबाइल नं. दे, जिसपर आवश्यकता होने पर भविष्य में सूचना दी जा सके।

**नया आवेदक (जो प्रथम बार संस्कृत प्रतिभा खोज में आवेदन कर रहे हों) इस विकल्प का चयन करें।**

रजिस्ट्रेशन टाईप में **'नया आवेदक'** विकल्प का चयन करने के बाद आपके सामने विंडो इस तरह दिखेगा-




यहाँ पर आवेदक को रजिस्ट्रेशन के लिए अपना नाम (अंग्रेजी में), आधार नम्बर तथा मोबाइल नम्बर भरना है। (मोबाइल नम्बर वही भरें जो आपके पास वर्तमान में उपलब्ध हो तथा चालू हो)। यह सारे विकल्प भरने के बाद **Login** पर क्लिक करें। **Login** पर क्लिक करने के बाद आपके मोबाइल नम्बर पर एक OTP जायेगा जो आपको ऑनलाइन भरना होगा। जैसा कि चित्र में प्रदर्शित है-










OTP वेरिफिकेशन के बाद रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा हो गया।

अब **ऑनलाइन आवेदन फार्म** इस तरह आपकी स्क्रीन पर खुलेगा। यह आवेदन करने के लिए मांगी गई जानकारियों का फार्म है। आपको इस ऑनलाइन आवेदन फार्म के कुछ फील्ड में लाल रंग का तारा* दिख रहा होगा। जैसा कि नाम, पिता का नाम आदि के आगे लगा है। यह तारा* हमें बताता है कि उस फील्ड के लिए मांगी गई सूचनाएं भरना अनिवार्य है। जिस फील्ड में लाल रंग का तारा नहीं लगाया गया है, उस फील्ड को भरना अनिवार्य नहीं है। जैसे – ईमेल। आप उस फील्ड को छोड़ भी सकते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि आप अपना ईमेल अंकित नहीं करें।



सर्वप्रथम अपनी कक्षा समूह (6-12 अथवा स्नातक / स्नातकोत्तर) का चयन करना है। कक्षा समूह चयन के बाद बोर्ड का चयन करें। **केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 6 से 12 कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र बोर्ड में अन्य विकल्प का चयन करें।** इसके बाद प्रतियोगिता का चयन करें। (नोट - **एक छात्र एक प्रतियोगिता में ही भाग ले सकता है।** एक विद्यालय से एक प्रतियोगिता में अधिकतम 4 छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं।)







इसके बाद व्यक्तिगत विवरण भरना होगा। इसमें आपने रजिस्ट्रेशन के समय नाम, आधार संख्या, मोबाइल नंबर पहले से भर दिया है, शेष विवरण आपको भरने होंगे। स्नातक / स्नातकोत्तर के लिए भी आगे की प्रक्रिया एक समान है।

उसके बाद व्यक्तिगत विवरण में छात्र का नाम हिंदी में लिखना है **हिंदी में नाम लिखने के लिए लैपटॉप में या कंप्यूटर में आप अंग्रेजी में अपना नाम लिख करके स्पेस बार दबाएंगे तो वह हिंदी में हो जाएगा** जबकि मोबाइल में यह सुविधा नहीं है।

लिंग का चयन करें। अन्य मोबाइल नंबर लिख करके जन्म तिथि लिखे।

**जन्मतिथि लिखने के लिए आप कैलेंडर में से भी दिनांक चुन सकते हैं अथवा स्वयं भी जन्म तिथि दिए गए फॉर्मेट में लिख सकते हैं।**

ईमेल, पिता का नाम, माता का नाम, अध्यनरत कक्षा, विद्यालय का नाम महाविद्यालय का नाम व पता, एवं **जिस मंडल और जनपद में आपका विद्यालय है उस मंडल और जनपद का चयन करें।**

इसमें ईमेल और विद्यालय के अध्यापक का मोबाईल नं० फील्ड को छोड़कर शेष सभी फील्ड को भरना अनिवार्य है। आपकी सहायता के लिए खाली फील्ड के नीचे निर्देश भी दिया गया है, जो फार्म भरने में आपकी सहायता करता है। आवेदन पत्र भरते समय उसकी सहायता प्राप्त करें। उन निर्देशों का अनुपालन करते हुए फार्म भरें।

जन्म-तिथि भरना

**जन्म-तिथि भरने के लिये आपके पास तीन तरीके हैं-**

1. जन्म-तिथि टाइप कर के (DD/MM/YYYY)
2. कैलेन्डर से जन्म-तिथि का चयन कर के
3. कैलेन्डर से किसी भी तिथि का चयन कर के फिर उस तिथि को एडिट करके।

**जन्म-तिथि टाइप करना-**

जन्म-तिथि टाइप करने का तरीका निम्नवत है- सबसे पहले 02 अंक का दिनाँक टाइप करें और श्लैस का चिन्ह (/), फिर 02 अंक का माह टाइप करें और उसके बाद श्लैस का चिन्ह (/) और फिर अन्त में 4 अंक का वर्ष टाइप करें।

उदा0- **यदि किसी की जन्म-तिथि 04 जुलाई सन् 2004 है तो वह इस प्रकार टाइप करेगा- 04/07/2004**

**कैलेन्डर से जन्म-तिथि का चयन करना-** जन्म-तिथि के बॉक्स में क्लिक करने के बाद आपके समक्ष कैलेन्डर खुलेगा। सबसे पहले आपको इस कैलेन्डर में ऊपर लिखे 'September 2023' इसपर क्लिक करना है। फिर आपको '2023' पर क्लिक करना है। फिर आपको अपने जन्म वर्ष के अनुसार वर्ष का चयन करना है फिर जन्म माह का तत्पश्चात जन्म-तिथि का।




व्यक्तिगत विवरण करने के बाद आपको बैंक विवरण भरना होगा, **बैंक विवरण छात्र के अपने नाम पर अथवा माता-पिता के नाम पर ही होना चाहिए**। अन्य किसी व्यक्ति का बैंक विवरण मान्य नहीं होगा।

विजेता छात्रों को पुरस्कार राशि एवं मंडल अथवा राज्य पर आने वाले छात्रों को मार्गव्यय आदि की धनराशि इसी खाते में भेजी जाएगी।

**फोटो तथा साइन अपलोड करना**





आपकी फोटो और साइन अधिकतम 1 MB की तथा .jpeg फॉर्मेट में हो। गीत प्रतियोगिता युवा वर्ग का Audio file 5 MB की हो।

फोटो अपलोड करने के लिये सबसे पहले आप 'Choose File' पर क्लिक करके अपने कम्प्यूटर से फोटो को सेलेक्ट कर लें फिर **फोटो अपलोड** पर क्लिक करके फोटो अपलोड कर लें। फोटो अपलोड हो जाने के बाद आपकी फोटो नीचे दिखाने लगेगी उसके बाद ठीक इसी प्रकार साइन भी अपलोड कर लें।









**फाइनल सबमिट एवं प्रिन्ट-**

फाइनल सबमिट करने के लिए नीचे दिये गये **घोषणा पत्र को पढ़कर उसको टिक कर** के ‘Submit Information’ पर क्लिक करें। क्लिक करते ही नीचे दिए गए चित्र की तरह विंडो खुलकर सामने आएगा। उसके बाद आप सीधे फाइनल प्रिन्ट वाले पेज पर पहुंच जायेंगे। यहाँ पर आप ऊपर दिये गये ‘Print This Page’वाले आइकन पर क्लिक कर अपने आवेदन पत्र का फाइनल प्रिन्ट सुरक्षित रख लें।





Print this page

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ
(भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन)
संस्कृत प्रतिभा खोज 2024

**आवेदक द्वारा दिया गया व्यक्तिगत विवरण**

| | |
|---|---|
| आवेदन संख्या | 2412466 |
| आवेदक छात्र / छात्रा का नाम (हिंदी में) | लव शुक्ला |
| जन्मतिथि (DOB) | 01/01/2000 |
| लिंग | Male |
| आधार नंबर | 123412341234 |
| मोबाइल नंबर | 9058513003 |
| अध्ययनरत कक्षा का नाम | 7 |
| पिता का नाम | XYZ |
| माता का नाम | ABC |
| विद्यालय/ महाविद्यालय का नाम | NA |
| विद्यालय / महाविद्यालय का पता | Gomti Nagar, Vishal Khand 4, Lucknow |
| मंडल का नाम | बरेली |
| जनपद का नाम | बदायूँ |

**बैंक का विवरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाता धारक का नाम | Lav Shukla | बैंक का नाम | State Bank of India |
| खाता संख्या | 36589637586 | आई. एफ. एस. सी. | SBIN0007S8S |

**प्रतियोगिताओं का विवरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रतिभागी की कक्षा | कक्षा 6 से 12 | बोर्ड | यू०पी० बोर्ड |
| प्रतियोगिता का नाम | संस्कृत वाचन प्रतियोगिता | | |
| जनपद प्रतियोगिता स्थल | संस्कृत महाविद्यालय वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूँ | | |
| संयोजक का नाम | श्री वेद मित्र आर्य | संयोजक का दूरभाष | 9760003764 |

**महत्वपूर्ण निर्देश**

1. **प्रवेश पत्र:** प्रतियोगिता केंद्र पर इस प्रवेश पत्र का एक प्रिंटआउट और एक कोई पहचान पत्र लेकर आएं।
2. **पहचान सत्यापन:** इस प्रवेश पत्र के साथ सत्यापन के लिए निम्न में से किसी पहचान पत्र का प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है:
    1. फोटो के साथ बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र
    2. स्कूल/कॉलेज के प्रिंसिपल से प्रमाण पत्र
    3. सरकार द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर आईडी आदि)
3. **प्रवेश:** प्रतियोगिता शुरू होने के बाद प्रतिभागियों को प्रतियोगिता केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। चिकित्सीय आपात स्थिति को छोड़कर, प्रतियोगिता समाप्त होने से पहले प्रतियोगिता स्थल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
4. **अनुचित साधन:** प्रतियोगिता के किसी भी चरण में किसी भी नियम और विनियम का उल्लंघन या किसी अनुचित साधन का उपयोग करने पर प्रतिभागी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
5. **आचरण:** प्रतियोगिता स्थल पर आपका आचरण एवं व्यवहार अनुकरणीय होना चाहिए, आपके या आपके अभिभावक के द्वारा किसी भी प्रकार की अशिष्टता/अभद्रता का व्यवहार प्रकाश में आने पर प्रतिभागी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**स्वघोषणा पत्र**

एतद् द्वारा मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने संस्कृत छात्र प्रतियोगिता की नियमावली निर्देशिका को पढ़ लिया है। ये मुझे मान्य हैं। मेरे द्वारा पूरित उपर्युक्त विवरण सत्य है। यदि पूरित विवरण अथवा उसका कोई अंश असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन निरस्त कर दिया जाय।

आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक: 17 Jul 2024

Print this page

यदि आप आवेदन का फाइनल प्रिन्ट सुरक्षित करना भूल जाते हैं तो उत्तर प्रदेश संस्कृत प्रतिभा खोज की वेबपोर्टल के मीनू बटन आवेदन के सब मीनू पर जाकर अपना **आवेदन पत्र पुन: प्रिंट** कर सकते हैं। इसके लिए आपको अपना आधार नं. दर्ज करना होगा।

नोट – 1. आवेदन पत्र भरने में तकनीकि समस्या आने पर तकनीकि समस्या के लिए दिए गए दूरभाष पर 10 से 5 बजे के मध्य सम्पर्क करें।

2. प्रतियोगिता से सम्बन्धित जानकारी के लिए हमसे सम्पर्क करें मीनू पर क्लिक कर अपने जनपद के संयोजक से सम्पर्क करें। अद्यतन सूचना तथा अध्ययन सामग्री के लिए http://upsanskritpratibhakhoj.com/को खोलकर देखते रहें।

आवेदन का लिंक - https://upsanskritpratibhakhoj.com/Apply.aspx

उत्तर प्रदेश संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2024 के लिए मोबाइल से आवेदन करने हेतु संपूर्ण जानकारी निम्न वीडियो मे दी गई है।

लैपटॉप से आवेदन करने हेतु ये वीडियो देखें –https://youtu.be/ZPysdGkE82k?si=PI8yyrp_caJ3EzzI

मोबाइल से आवेदन करने हेतु ये वीडियो देखें - https://youtu.be/8mMDwa9hO40?si=3IbJM73HVIXC4Rc7

**आवेदन करने से पूर्व निम्न प्रपत्र तैयार रखें -**

1. आधार कार्ड/नंबर 2. आवेदक का scan/ मोबाइल से खींचा हुआ फोटो (1MB से कम) 3. आवेदक के हस्ताक्षर scan मोबाइल से खींचा हुआ फोटो (1MB से कम) 4. बैंक विवरण (आवेदक का अथवा माता पिता का ही विवरण मान्य है) 5. एक सक्रिय मोबाइल नंबर (OTP भरने तथा सूचना के लिए)